मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2024

विज्ञप्ति क्रमांक 01/मुख्य-परीक्षा/2024, दिनांक 22.07.2024

ऑनलाइन आवेदन अवधि	प्रवेश पत्र उपलब्धता	परीक्षा अवधि
दिनांक **06.08.2024** से दिनांक **05.09.2024** तक	दिनांक **11.10.2024**	दिनांक **21.10.2024** से दिनांक **26.10.2024** तक

01 मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा–2024 हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 40/2023 दिनांक 30.12.2023 के संदर्भ में आयोजित की गई, प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम दिनांक 20.07.2024 को घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में सफ़ल आवेदकों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2024 दिनांक **21.10.2024** से दिनांक **26.10.2024** तक इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, सागर, शहडोल, बड़वानी एवं बालाघाट स्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नानुसार आयोजित की जाएगी :–

दिनांक	विषय	समय
21.10.2024	सामान्य अध्ययन–I	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
22.10.2024	सामान्य अध्ययन–II	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
23.10.2024	सामान्य अध्ययन– III	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
24.10.2024	सामान्य अध्ययन–IV	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 1:00 बजे तक
25.10.2024	सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक
26.10.2024	हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन	प्रातः 10:00 बजे से दोपहर पश्चात 12:30 बजे तक

महत्वपूर्ण निर्देश :-

टीपः–

(1) **आगामी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 प्रश्नोत्तर पुस्तिका** (Structured Answer Copy/ Question Answer Booklet) **के माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका** (Question Answer Booklet) **में प्रश्न के नीचे उत्तर लिखने के लिए दिए गए स्थान पर ही निर्धारित शब्द सीमा में अपना उत्तर लिखना होगा। अन्यत्र किसी स्थान पर उत्तर लिखने पर अमान्य किया जाएगा।**

(2) परीक्षार्थियों की संख्या तथा प्रशासनिक कारणों से केन्द्रों की संख्या को कम किया जा सकता है।

(3) यह स्पष्ट किया जाता है कि षष्ठ प्रश्न–पत्र हिन्दी निबन्ध एवं प्रारूप लेखन प्रश्न–पत्र सभी अभ्यर्थियों को हिन्दी में ही उत्तर देना होगा। अंग्रेजी माध्यम चयनित करने वाले आवेदकों को भी षष्ठ प्रश्न–पत्र का हिन्दी माध्यम से ही उत्तर देना होगा।

02 राज्य सेवा प्रारंभिक लिखित परीक्षा मे सफ़ल पात्र अभ्यर्थियों को राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक होगा। मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक **06.08.2024** से **05.09.2024** तक **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं। आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन एवं परीक्षा शुल्क देय होगा:–

मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के किए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क	**शेष सभी श्रेणी तथा मध्य प्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन एवं परीक्षा शुल्क**
₹ 400/-	**₹ 800/-**
उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त पोर्टल शुल्क 40/- (सेवाकर सहित) देय होगा।	

आवेदन तथा परीक्षा शुल्क एवं पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो एम.पी.आनलाइन से हेल्पलाइन –0755-6720200 तथा 0755-6720201 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

03 आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिनांक **09.08.2024** से दिनांक **07.09.2024** तक त्रुटि सुधार भी कर सकेंगे। त्रुटि सुधार अवधि